तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 4 जून 2025

12 गांव की पहचान बनाने वाला 'छीन का पौधा' ...


14 फिजी में रामलीला महोत्सव, मुंबई...




शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं (साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू कक्षा 12वीं 97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |

प्रिंसी वर्मा 97% | सतीश रॉय 96.3% | वसुंधरा 96.1% | तुषार 95.3% | तनु साहू 94.6% | हिमानी 94.5% | मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% | सायरा चतुर्वेदी 91.8% | कृषिका फेकर 91% | पायल साहू 91% | वंदना देवांगन 90.8% | कनिष्का यादव 90.8% | माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप

### कबीर जयंती समापन समारोह 7 व 8 जून को




**रायपुर।** राष्ट्रीय संत असंगदेव जी के सानिध्य में प्रादेशिक कबीर जयंती महोत्सव व गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन 7 एवं 8 जून को राज्य के सीएम विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आश्रम के प्रभारी देवकर साहेब ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी और अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक कथा स्थल असंग आश्रम सोनपैरी में होगा। आश्रम प्रभारी देवकर साहेब ने क्षेत्र के लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

### मंत्री टंकराम ने पूर्व विधायक शकुंतला साहू की मां को दी श्रद्धांजलि



**पलारी।** जिले के मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधायक शकुंतला साहू निज निवास रसौटा पहुंचे और स्व. लीला देवी साहू को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर विजय केशरवानी, सुनीता वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य तुलसी डहरिया सहित मंडल पलारी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बाइक, ट्रैक्टर-स्कॉर्पियो की भिड़ंत में 1 मौत

**महासमुंद।** झलप की ओर आ रहे पिता पुत्र हादसे का शिकार हो गए। टूरीडीह के पास हुई दुर्घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमोरी निवासी शिव कुमार ध्रुव अपने पुत्र हर्षू ध्रुव के साथ बाइक क्रमांक सीजी 19 बीएन 4400 में सवार होकर झलप आ रहे थे। फोरलेन से लगकर लगे लोहे के एंगल से टकरा कर रोड में गिरने से दोनों को चोट आई। इसी दौरान पीछे से रेत भरकर आ रही ट्रैक्टर जीजे 10 टीवी 9857 ने हड़बड़ाहट में ब्रेक लगाया। जिससे पीछे आ रही स्कॉर्पियो सीजी 04 पीएच 8792 ट्रैक्टर में जा घुसी। जिसमें छिंदोली निवासी युवक सूरज यादव को गंभीर चोट लगी। गंभीर स्थिति मे इलाज के लिए रायपुर ले जाए जाने के दौरान 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने जमदरहा अमलीतरी मौहा पेड़ के पास एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी हेमरतन चौहान पिता शिवप्रसाद चौहान (22 साल) ललितपुर चौकी भंवरपुर थाना बसना के कब्जे से 2 लीटर करीबन अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# नगर की गलियां और नालियां गंदगी से अटी, स्वच्छता अभियान पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

शासन द्वारा स्वच्छता के नाम पर करोड़ों खर्च किया जा रहा है। शासकीय धन राशि की नगरीय प्रशासन में बैठे अधिकारी-कर्मचारी द्वारा किस तरह होली खेलते हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण को जिस तरह कागजों पर सफल बनाते हैं, इस बात की सच्चाई नगर में फैल रही गंदगी खुद ही बया करते हुये देखी जा सकती है। वहीं नगर पंचायतों उच्च अधिकारी आंखे बंद कर अंक प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। निश्चित तौर से जहां सरकार की स्वच्छता मुहिम को ग्रहण लग रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं? यह बात अलग है कि अधिकारियों द्वारा ▸▸ शेष पेज 11 पर

## गंदगी देख नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान झूठा साबित हो रहा

### नगर में नियमित सफाई का अभाव

वही दूसरी ओर कहने के लिये नगर पंचायत के पास साफ सफाई के लिये 6 स्लिपर 4 सफाई मित्र 5 सफाई कमांडो कर्मचारियों की भारी भरकम टीम मौजूद होने के बाद भी नियमित सफाई के आभाव में जिस प्रकार से नालिया गंदगी से अटी पड़ी हुई है वह पूर्ण रूप से नगर पंचायत की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है।





### खरीदी सामग्री के बिलों की जांच से होगा खुलासा

नगर नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने जिस तरह सामग्री खरीदी गई, उसकी यदि जांच कराई जाए तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नहीं चुक पायेगी। सफाई विभाग के नाम पर खरीदे गये वाहन बगैर उपयोग हुये ही खस्ता हाल में पहुंचते देखे जा रहे हैं तो दूसरी ओर कीट नाशक पावडर से लेकर दवाईयों की गई खरीदी व भुगतान किये गये बिलों की जांच होती है तो लोग हैरत में पड़ने से नहीं चूक पायेंगे। क्योंकि स्वच्छता सामग्री खरीदे जाने को लेकर परिषद द्वारा बगैर टिन नम्बर वाले बिलों से लेकर संस्था के जगह निजी व्यक्तिगत खातों में भुगतान किये जाने की चर्चाये सुनाई देने से नहीं चूक पा रही है।

## उपभोक्ता आयोग ने किसान को दिलायी फसल बीमा की क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

फसल बीमा क्षतिपूर्ति की ब्याज सहित राशि एवं अन्य व्यय प्रदाय करने बीमा कम्पनी एवं बैंक को सेवा में दोषी मानते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने आदेश पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक किसान जंग बहादूर सिंह द्वारा वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री फसल बीमा हेतु पंजीयन कराया था। उसके खाते से पैसा काटा गया था, परन्तु किसान को फसल बीमा की राशि भुगतान नहीं की गई। कृषि खरीफ फसल धान में जो फसल बीमा काटा था, उसमें ग्राम का पता ग्राम पंचायत अल्दा के स्थान पर पोर्टल में ग्राम बुड़गहन, तहसील तिल्दा दर्ज कर दिया गया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य हरजीत चावला एवं शारदा सोनी ने उभय पक्ष ▸▸ शेष पेज 11 पर

### वरिष्ठजनों की उपस्थिति में मनाया जा रहा चावल उत्सव

# हितग्राहियों को मिला तीन माह का एकमुश्त चावल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




राज्य शासन द्वारा राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त का चावल एक साथ प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 1 से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत लकड़िया, कुकदा, सैहा उचित मूल्य दुकान में वरिष्ठजनों के उपस्थिति में चावल उत्सव मनाया गया। सभी पात्र हितग्राहियों क़ो तीन महीने का चावल दिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार बरसात के मौसम में हितग्राहियों क़ो सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बरसात पूर्व तीन माह का चावल एक मुश्त देने का निर्णय लिया है। चावल उत्सव के दौरान सम्बधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हितग्राहियों को सुगमता से चावल वितरित करने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। इस अवसर पर हितग्राहियों को अपने नजदीकी राशन दुकान पर जाकर चावल प्राप्त करने का आग्रह किया जा रहा है।

## साड़ी पहन बाइक सवार युवकों ने की लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

ग्राम कामता में लाला पाइप फैक्ट्री के पहले 1 जून की शाम 7 बजे मोटर सायकिल सवार व्यक्ति लूट का शिकार हो गया। लुटेरों ने साड़ी पहन कर लूट की घटना को अंजाम दिया। थाना क्षेत्र सिमगा में लूटपाट का सिलसिला लगातार जारी है, जिससे पुलिस की निष्क्रियता उजागर हुई है और लोगों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है।



- मोटरसाइकिल चालक के सामने अड़ाई बाइक, खेत में खींचकर ले गए और दिया घटना को अंजाम

प्रार्थी गेंदराम पिता सुखी राम ध्रुव 43 वर्ष ग्राम चुचरुंगपुर सुहेला का निवासी है, जो छट्टी के कार्यक्रम में शामिल होने अपने हीरो होण्डा क्रमांक सीजी 22 जे 7705 में ग्राम कामता आया था। प्रार्थी सिमगा से कपड़ा खरीद कर वापस ग्राम कामता जा रहा था, तभी लाला पाइप फैक्ट्री के पहले एक पीली रंग की साड़ी पहने हुए व्यक्ति था जिसकी मूंछ थी, उसने प्रार्थी गंगा राम ध्रुव को हाथ हिलाकर रोकने का प्रयास किया, किन्तु वह नहीं रुका। थोड़ा और आगे जाने पर दो तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल के सामने आकर रोक लिए और साड़ी पहने हुए अज्ञात आरोपी ने पीछे से प्रार्थी के सिर पर डंडे से वार किया और उसे पकड़ कर खेत की ओर ले गए। वहां मारपीट कर उसकी मोटरसाइकिल सहित मोबाइल व नगदी 4500 रुपए, एटीएम कार्ड एवं अन्य कागजात को जबरदस्ती लूट कर फरार हो गए। उक्त घटित घटना के बाद प्रार्थी वहीं बेहोश हो गया। मारपीट करने के कारण प्रार्थी के सिर, आंख, नाक एवं पीठ पर चोटें आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के ▸▸ शेष पेज 11 पर

## बीमार महिला के इलाज के लिए एक लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

नगर के वार्ड क्रमांक 3 इंदिरा कॉलोनी की पीड़ित महिला के इलाज के लिए 1 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह पहल कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने की और मुख्यमंत्री सहायता कोष से पीड़ित महिला को इलाज कराने राशि स्वीकृत की गई।

विदित हो कि, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयास से



शानू रंजन पति इब्राहिम रंजन की सड़क दुर्घटना में रीड की हड्डी में तकलीफ एवं बिस्तर से उठ नहीं पाने के कारण इलाज हेतु घर पहुंच कर एक लाख का चेक प्रदाय किया गया। वार्ड क्रमांक 3 की पीड़िता को राशि उपलब्ध ▸▸ शेष पेज 11 पर

### दामिनी एप्प से मिलेगा आकाशीय बिजली घटित होने का पूर्वानुमान

**बलौदाबाजार।** आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित किया गया है। इस एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने का पूर्वानुमान (20 से 31 किलोमीटर का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी प्रकार मेघदूत एप्प तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा से सम्बंधित है, जिससे किसान अपने ▸▸ शेष पेज 11 पर

## प्रबंधक व प्राधिकृत अधिकारी ने की नियुक्ति में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नरधा (पं. क्र. 205) में समिति प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए अपने परिजनों को अवैधानिक रूप से नियुक्ति देने का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच में आरोपों को सही पाया गया है, बावजूद इसके अब तक दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहकारी समिति नरधा में प्राधिकृत अधिकारी राजेन्द्र कुमार साहू ने प्रभारी समिति प्रबंधक सुखदेव साहू से मिलीभगत कर अपने ही पुत्र प्रशांत साहू को बिना किसी विज्ञापन या वैकेंसी के लिपिकीय ▸▸ शेष पेज 11 पर

### बेटे को बिना विज्ञापन लिपिकीय सहायक पद पर दी नियुक्ति

#### जांच में तीन प्रमुख आरोप सही पाए गए

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार, शिकायत के बिंदु क्रमांक 1, 3 एवं 5 को सही एवं प्रमाणित पाया गया है। इसके बावजूद पांच माह बीत जाने के बाद भी दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



**दोषियों पर कार्रवाई का आदेश नहीं मिला:** इस संबंध में समिति प्रबंधक से संपर्क की कोशिश की गई, पर उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। अशासकीय प्राधिकृत अध्यक्ष घासीराम मनहर ने बताया कि शिकायत की जांच अवश्य हुई है, लेकिन मुझे कार्रवाई का कोई आदेश पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

#### वंशवाद को मिल रहा बढ़ावा

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि समिति में पहले से पर्याप्त स्टाफ मौजूद होने के बावजूद बाहरी और रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाया गया। कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर नियुक्त सुखदेव पटेल एवं चौकीदार पद पर खगेश पटेल को भी दैनिक वेतनभोगी से सीधे प्रमोशन देकर नियमित किया गया, जबकि यह नियुक्तियां गलत पाई गई हैं।

### मुसवाडीह में कर्मा जयंती पर निकाली गई कलश यात्रा

# भक्त माता कर्मा के आदर्श आज भी जनमानस के लिए प्रेरणा दायक : विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

ब्लाक के ग्राम मुसवाडीह में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्र साव उपस्थित हुए। सुबह से भक्त मां कर्मा के मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं शाम में महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इसमें विधायक इन्द्र साव भी शामिल हुए। तत्पश्चात मंदिर चौक में सभी ग्रामीण एवं साहू समाज द्वारा विधायक इन्द्र साव का स्वागत किया गया। इस अवसर पर



विधायक साव ने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान कृष्ण की अनन्य भक्त थी और उनके आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता हैं।

उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि मुझे आज आपके बीच में कार्य करने का जो अवसर मिला है वह माता का आशीर्वाद है जो आज विधायक के रूप में आपकी सेवा कर रहा हूं। छत्तीसगढ़ में हमारे पूर्वज मितान की परंपरा को निभाते हुए सामाजिक समरसता बनाए हुए थे। मितान बनाने की यह संस्कृति विलुप्त हो रही है। आज भाई-भाई के बीच जो विवाद चल रहा हैं उनसे समाज का नुकसान हो रहा है। हमें वही पुराना भाईचारा समाज में फिर से लाना है और खासकर युवाओं को नशे से दूर रहते हुए सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी ▸▸ शेष पेज 11 पर

## जिले में दाई-बबा महोत्सव का आयोजन आज



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रत्येक बुधवार स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। राज्य शासन के निर्देशानुसार 4 जून को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दाई-बबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

- बुजुर्गों की सेहत का रखा जाएगा विशेष ध्यान

सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि दाई-बबा महोत्सव का उद्देश्य बुजुर्गों का सम्मान एवं स्वास्थ्य संबंधित सभी प्रकार की सेवाओं को प्रदान करते हुए बुजुर्गों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है। आयोजन में मुख्य रूप से बुजुर्गों हेतु समग्र जांच के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड एवं समस्त प्रकार का परामर्श देते हुए युवाओं को बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल करने हेतु भी प्रेरित किया ▸▸ शेष पेज 11 पर

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा का 9 जून से संकल्प से सिद्धि अभियान

## आज कार्यशाला में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बताएंगे- क्या-क्या करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में 9 जून से संकल्प से सिद्धि अभियान चलाने का फैसला किया है। इस कार्यक्रम में क्या-क्या होना है, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन ने एक कार्यशाला रखी है। इसमें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय बताएंगे कि कब-कब क्या-क्या करना है। कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में कार्यशाला में जानकारी दी जाएगी।

भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृत काल और सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर देशव्यापी सघन अभियान चलाएगी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक रजनीश सिंह ने बताया, इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों की संरचना की



गई है। इसके लिए समग्र मार्गदर्शन के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की उपस्थिति में मंगलवार को एकात्म परिसर में प्रदेशस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 21 जून होने वाले अभियान के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित होगा।

### 21 जून तक लगातार होंगे कार्यक्रम

श्री सिंह ने बताया, विश्व योग दिवस के निमित्त सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन रखा गया है। ग्राम, वार्ड, शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर पर 15 से 17 जून तक प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और शहरों में मोहल्ला चौपाल एवं पंचायत केंद्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में 11 वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयुष्मान योजना (वय वंदन) में शत-प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं कार्ड वितरण किया जाएगा और लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों का साहित्य घर-घर वितरित करेंगे। इन कार्यक्रमों के लिए प्रदेश की राजधानी एवं बड़े नगरों में केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का प्रवास होगा और जिला स्तर पर प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसदों का प्रवास होगा। मंडल पर जिला पदाधिकारी, विधायक, मेयर, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी और शक्तिकेंद्र पर मंडल स्तर से ऊपर के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का प्रवास होगा। जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम के अतिरिक्त छात्रों, कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थाओं को लक्षित कर कार्यक्रम किए जाएंगे और प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### सीएम से केन्द्रीय मंत्री पासवान ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने श्री पासवान को कोसा वस्त्र एवं बेल मेटल से बने स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे थे।

### टाटीबंध से अटारी मार्ग पर हटाए अवैध कब्जे



रायपुर। टीम प्रहरी ने सोमवार को टाटीबंध से अटारी जाने वाले मार्ग को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। इसी तरह जोन 10 क्षेत्र में नगर निवेश अमले ने बारिश पूर्व नाले में अवैध कब्जा कर बनाये गये पाटों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। इससे नाला सफाई में आ रही अड़चन दूर हो गयी। निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने टाटीबंध से अटारी जाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने कार्यवाही कर सुगम आवागम का मार्ग प्रशस्त किया। जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर उप अभियंता अजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में कब्जा हटाया गया। जोन 9 के नगर निवेश विभाग टीम ने विधानसभा मार्ग में चौराहों, स्ट्रील पोल और मार्ग विभाजक के मध्य लगाये गये अवैध बैनर पोस्टर को हटाकर जब्त करने कार्रवाई की। टिकरापारा पुजारी पार्क से मुख्य मार्ग तक अवैध कब्जा हटाने जोन 6 नगर निवेश टीम ने अभियान चलाया। यह कार्रवाई टिकरापारा से पुराने धमतरी मार्ग तक की गयी। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में सुगम यातायात व्यवस्था देने अवैध ठेला-गुमटी हटाने टीम जुटी रही।

### कैट टीम ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की टीम ने सोमवार को राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस दौरान एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन पत्र का ज्ञापन सौंपा। कैट टीम ने राज्यपाल को अवगत कराया कि देश में विभिन्न राज्यों में अलग-अलग चुनाव होना न केवल विकास में बाधा पहुंचाते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करते हैं। भारत विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी राज्यों में चुनाव एक ही साथ होने चाहिए। एक देश - एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा।

### निर्यातकों ने मंडी बोर्ड से नियम लचीला करने का आग्रह किया था

# गैर बासमती एक्सपोर्टर को मंडी और किसान कल्याण शुल्क से मिलेगी छूट, लेकिन शर्तें करनी होंगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के राइस एक्सपोर्टर्स ने राज्य सरकार से निर्यात होने वाले गैर बासमती चावल के निर्यात को लेकर दस्तावेज में लचीचापन अपनाने का आग्रह किया है। इस संबंध में प्रबंध संचालक कृषि मंडी ने निर्देश दिया है कि एकल पंजीयनधारी चावल निर्यातकों, राइस मिलर द्वारा गैर बासमती चावल के निर्यात पर मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से छूट के लिए सबसे पहले निर्यातक, राइस मिलर द्वारा संबंधित मंडी समिति में क्रय धान का मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क जमा कराया जाए तथा निर्यात की स्थिति में एक माह के अंदर शिपिंग बिल, क्रय आदेश प्रस्तुत करने और उसके दो माह के अंदर कार्यो ओरीजिन छत्तीसगढ़, निर्यात के लिए राज्य का जीएसटी कर, लदान बिल तथा बैंक समाधान विवरण की प्रति प्रस्तुत करने पर मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क से छूट प्रदान की जाएगी।



### निर्यात प्रोत्साहन के लिए ये है नियम

राज्य से बाहर गैर बासमति चावल निर्यात के लिए नियम ये है कि प्रदेश के एकल पंजीयनधारी चावल निर्यातकों,राईस मिलर द्वारा शिपिंग बिल में कार्यो ओरीजिन छत्तीसगढ़, निर्यात के लिए छग जीएसटी , लदान बिल तथा बैंक समाधान विवरण की प्रति और प्रदेश के राईस मिलरों द्वारा चावल निर्यातकों पर अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने के शर्त के अध्यधीन मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णतः छूट अधिसूचना प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष के लिए दी गई है।

### नियार्तकों ने रखी थी ये मांग

द राईस एक्सपोटर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर कय धान के प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लदान के लिए बंदरगाह तक परिवहन, लदान पूर्ण होने के बाद शिपिंग बिल, बिल आफ लोडिंग एवं अन्य दस्तावेज में समय लगने तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी निर्यात से संबंधित दस्तावेज की प्रस्तुति एवं भुगतान प्राप्ति के लिए 90 दिनों की मानक समयावधि निर्धारित करने की मांग की थी। इसके साथ ही निर्यातक से स्व-प्रमाणन पत्र लिया जाकर प्रकिया में लचीलापन प्रदाय करने का आग्रह किया था।

### मंडी शुल्क जमा करना है अनिवार्य

मंडी एमडी द्वारा इस संबंध में संयुक्त संचालकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कृषि उपज मंडी अधिनियम में यह प्रावधान है कि बगैर मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क का भुगतान किए कृषि उपज के विक्रय या प्रसंस्करण, विनिर्माण पर कृषि उपज, प्रसंस्कृत जिंस के बाजार मूल्य के 5 गुना की दर से मंडी शुल्क वसूली योग्य है। मंडी अधिनियम के प्रावधान से यह स्पष्ट है कि निर्यातक को कृषि उपज के विक्रय या प्रसंस्करण, विनिर्माण के पूर्व मंडी शुल्क जमा करना अनिवार्य है।

### एक्सपोर्टरों को अब ये करना होगा

राईस एक्सपोर्ट एसोसिएशन के पत्र, कृषि विभाग की अधिसूचना तथा मंडी अधिनियम के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में मंडी बोर्ड ने निर्देश जारी किया है। एकल पंजीयनधारी चावल निर्यातकों, राइस मिलर द्वारा गैर बासमति चावल के निर्यात पर मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से छूट के लिए सबसे पहले निर्यातक, राइस मिलर द्वारा संबंधित मंडी समिति में कय धान का मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क जमा कराया जाए तथा निर्यात की स्थिति में एक माह के अंदर शिपिंग बिल, क्रय आदेश प्रस्तुत करने और उसके दो माह के अंदर कार्यो ओरीजिन छत्तीसगढ़, निर्यात के लिए छग जीएसटी, लदान बिल तथा बैंक समाधान विवरण की प्रति प्रस्तुत करने पर मंडी शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क से छूट प्रदान की जाए।

### एकल लाइसेंस प्रणाली हो खत्म

रायपुर कृषि मंडी के पूर्व सदस्य विजय शर्मा ने इस संबंध में कहा है कि एकल लाइसेंस प्रणाली को समाप्त किया जाना चाहिए। एक्सपोर्ट के चावल पर जनरल छूट दी जानी चाहिए। मंडी शुल्क में छूट देनी चाहिए। ऐसा होने पर देश भर के एक्सपोर्टर यहां आएंगे। वर्तमान में चल रही धान की नीलामी में वे हिस्सा ले सकते हैं।

# नकटी में पीएम आवास के मकान तोड़ने नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ग्रामीणों ने किया विरोध, कांग्रेस ने दिया समर्थन

ग्राम नकटी में पीएम आवास के तहत बने मकानों को हटाने का नोटिस जिला प्रशासन ने दिया है। सम्मानपुर के कब्जाधारियों के समर्थन में जिला कांग्रेस ने इन मकानों को तोड़ने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

राजधानी से लगा हुआ गांव सम्मानपुर नकटी धरसीवां ब्लॉक में गांव के मूल निवासी गांव की ही शासकीय भूमि पर अपना छोटा घर बना के रहने लगे। उक्त भूमि पंचायत द्वारा उनको दिया गया है। जमीन पर गांव के आवासहीन लोगो को प्रधानमंत्री आवास के तहत आबंटित किया गया है। वे वहां 40 वर्षों से हैं। पंचायत द्वारा यहां पानी-बिजली का काम कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक निवास के लिए जमीन आबंटित करना चाहते हैं, इसलिए गरीब बेसहारा लोगों को नोटिस देकर बेदखल करने की तैयारी कर रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने प्रशासन को सचेत करने एवं ग्रामीणों की मांग को मानने आवास को तोड़ने का आदेश निरस्त कर राहत देने की मांग की है। मागों के समर्थन में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा,ने तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पप्पू राजेंद्र बंजारे, भावेश बघेल, घनश्याम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, कन्हैया वर्मा, रंजीत गायकवाड़, मनहरन साहू, संतोष पाल, रहमत खान, श्रवण निषाद, मनसा निर्मलकर, रामचंद, लक्ष्मीनाथ साहू, साहू,भागवत लहरी,रवि लहरी कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# संजय नगर बकरा मार्केट की 4 अवैध दुकानें सील

■ महापौर के निर्देश पर जोन 6 अमले ने लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा संजय नगर में नगर निगम की टीम ने बकरा मार्केट की 4 अवैध दुकानों पर ताला लगाकर सीलबंद कर दिया। संबंधित दुकान संचालक को पहले नोटिस दिया गया, जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में अवैध रूप से संचालित 4 बकरा दुकानों को सीलबंद किया गया।

दरअसल, संजय नगर के बकरा मार्केट क्षेत्र का गत दिनों महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने निरीक्षण किया था। इस दौरान जोन के अधिकारियों को मार्केट क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित दुकानदारों को नोटिस देकर हटाने के निर्देश दिए। इसी परिप्रेक्ष्य में जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में उनकी टीम ने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर संजय नगर क्षेत्र के बकरा मार्केट की 4 अवैध दुकानों को अभियान चलाकर



सीलबंद करने की कार्रवाई की। इससे पहले संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया। सूत्रों के मुताबिक मार्केट में कुछ दुकानें ऐसी भी हैं, जिनमें दुकान का आवंटन किसी दूसरे के नाम पर है और संचालन दूसरा व्यक्ति कर रहा है। आने वाले दिनों में इस पर नियम अनुसार कार्रवाई की जा सकती है।

# मानसून के लिए पॉवर कंपनी के संयंत्रों में भरपूर कोयला

## बारिश के कारण बिजली की खपत भी हो जाती है आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस बार मानसून समय से पहले पहुंच गया है। मानसून में कोयले की खदानों में पानी भरने के कारण कोयले की आपूर्ति नहीं हो पाती। अभी तो बारिश ठीक से हुई भी नहीं है और एसईसीएल की कुसमुंडा की खदान में पानी भरने के कारण कोयले की आपूर्ति प्रभावित हो गई है।



आने वाले समय में जब ज्यादा बारिश होगी, तो कोयले की आपूर्ति और प्रभावित होगी। हमेशा ही मानसून से पहले छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी अपने उत्पादन संयंत्र के लिए कोयले का स्टॉक करती है। पॉवर कंपनी के संयंत्रों में मानसून में कम से कम 15 दिनों का कोयला का स्टॉक रखना जरूरी होता है, लेकिन इस समय संयंत्रों में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है, इसलिए मानसून में परेशानी नहीं होगी। अगर भारी बारिश और झड़ी के कारण 8 से 10 दिनों तक भी कोयले की आपूर्ति प्रभावित रही, तो उत्पादन पर असर नहीं होगा।

वैसे मानसून में बिजली की डिमांड कम रहती है, लेकिन जब बारिश नहीं होती, तो उमस के कारण डिमांड बहुत ज्यादा हो जाती है। पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों में गर्मी के समय भी भरपूर कोयले का स्टॉक रखा गया था। अब मानसून के लिए भी कोयले का पूरा स्टॉक है। हमेशा से मड़वा में कोयले को लेकर परेशानी रहती है, लेकिन इस समय मड़वा में भरपूर कोयले का स्टॉक है। इसी तरह से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र और कोरबा वेस्ट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। कोरबा वेस्ट में तो कन्वेयर बेल्ट से कोयला आता है, यहां कभी परेशानी नहीं होती।

### बारिश में डिमांड रहती है बहुत कम

मानसून के समय बारिश होने के कारण बिजली की डिमांड करीब आधी हो जाती है। इस बार तो गर्मी में डिमांड सात हजार मेगावाट के पार चली गई थी। लेकिन बारिश में यह डिमांड तीन हजार से 35 सौ मेगावाट के आस-पास ही रहेगी। क्योंकि मानसून में न तो एसी, कूलर चलते हैं और न ही कृषि पंप चलते हैं। ऐसे में बिजली की कमी होने का सवाल ही नहीं है। अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन उत्पादन हमेशा 25 से 26 सौ मेगावाट होता है। इसी के साथ सेंट्रल सेक्टर का शेयर ही साढ़े तीन हजार मेगावाट है। अगर अपने संयंत्रों में उत्पादन बहुत ज्यादा कम भी हो गया तो सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेकर काम चल जाएगा।

### पांच सूत्रीय मांग को लेकर कला संकाय प्रशिक्षितों का आंदोलन

# व्यायाम प्रशिक्षित संघ और कला संकाय प्रशिक्षितों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर सोमवार को छत्तीसगढ़ व्यायाम शिक्षा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। प्रदेश के स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों के 20 हजार रिक्त पदों को भरने की मांग करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है, पिछले 6 साल से व्यायाम शिक्षक पद पर भर्ती नहीं हुई है। धरना स्थल पर कला एवं विज्ञान संकाय के प्रशिक्षितों ने अपनी 7 सूत्रीय मांग को लेकर धरना दिया। मोदी गारंटी के तहत 57 हजार शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करने, व्याख्याता के अंतर्गत हिंदी, संस्कृत अर्थशास्त्र , राजनीति विज्ञान, भूगोल और इतिहास विषय वालों की भर्ती प्रमुखता से किये जाने की मांग को प्रदर्शन किया।



छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के बैनर तले प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने शिक्षक भर्ती में व्यायाम शिक्षक को शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रहे व्यायाम प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने बताया कि साल 2019 में 645 पद व्यायाम शिक्षक के भरे गये। तब से लेकर आज तक व्यायाम शिक्षक के एक भी पद पर भर्ती नहीं की गयी। संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा ने कहा है कि शिक्षक भर्ती में व्यायाम शिक्षकों की नियमित भर्ती की जाए, जिससे बीपीएड एवं एमपीएड के विद्यार्थियों को रोजगार मिल सके। उन्होंने आरोप भी लगाया कि 6 सालों से व्यायाम शिक्षक का कोई भी पद नहीं निकाला गया है।

राज्य सरकार द्वारा व्यायाम शिक्षक की भर्ती की लगातार अनदेखी की जा रही है। और सहायक शिक्षक को विभागीय बीपीएड करा के व्यायाम शिक्षक बना दिया जा रहा है जिससे बीपीएड, एमपीएड अभ्यार्थी बेरोजगार हो गये हैं।

### बीएड-डीएड प्रशिक्षितों ने दिया धरना

कला एवं विज्ञान संकाय प्रशिक्षित कल्याण संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के बीएड-डीएड प्रशिक्षितों ने 7 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना दिया। धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन दूर दराज से आए प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने भाजपा के घोषणापत्र में मोदी की गारंटी 57 हजार शिक्षक भर्ती के वादे को पूरा करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष कामेश्वर यादव ने हरिभूमि को बताया कि तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से कला एवं विज्ञान संकाय के प्रशिक्षित 2008 का सेटअप यथावत रखने की मांग करने जुटे हैं। हमारी मांग है कि प्रदेश के 10,643 स्कूलों का युक्ति युक्त करण निरस्त किया जाए। इसी तरह व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, छत्तीसगढ़ी भाषा बालवाटिका शिक्षक, विज्ञान प्रयोगशाला के पदों पर भर्ती की जावे। कला व विज्ञान संकाय के शिक्षकों की प्रमुखता से भरा जाये।

# धान के नहीं मिल रहे खरीदार, अब मिलरों को मिलिंग के बदले धान देने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मिलिंग की राशि के बदले मिलरों को धान देने का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रस्तावित किया है। इसके अनुसार, मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए धान दिया जाएगा, न कि पैसा। यह प्रस्ताव उन मिलरों के लिए है, जो अतिरिक्त धान की खरीद करेंगे। राज्य सरकार ने 32 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान नीलामी के माध्यम से बेचने दो दौर की नीलामी पूरी कर ली है। अब तक केवल 12 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण हो पाया है।

राज्य शासन की ओर से यह शर्त भी रखी जा रही है कि मिलर्स जितनी मात्रा में अतिशेष धान खरीदेंगे, उतनी ही मात्रा में उन्हें मिलिंग कार्य के बदले धान दिया जाएगा। प्रदेश में राइस मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए हर साल लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। इस तरह 3 हजार करोड़ रुपए कीमत के अतिशेष धान का निराकरण होने की उम्मीद है। बताया गया है कि पिछले दिनों जिला कलेक्टर स्थानीय मिलरों पर नीलामी में भाग लेने का दबाव डाल रहे हैं। बताया गया है कि अब तक नीलामी में जो धान बिका है, उसे राज्य के मिलरों और व्यापरियों ने ही खरीदा है।

### 20 लाख टन धान की नीलामी शेष

बताया गया है कि प्रदेश में अतिशेष धान के की नीलामी के बाद भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। राइस मिलर्स भी शासन द्वारा निर्धारित विक्रय दर पर धान खरीदने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि अभी तक सिर्फ 12 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी हो पाई है, जबकि इस साल प्रदेश के 82 संग्रहण केन्द्रों में कुल 32 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान की नीलामी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। 20 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी अभी बाकी है।

### 5.5 लाख टन धान का उठाव

पूरा धान नहीं बिकने की स्थिति में मानसून के दौरान इसके रखरखाव पर भी अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी। मार्कफेड के मुताबिक प्रदेश में अब तक 10 हजार स्टेक (लगभग 12 लाख मीट्रिक) धान की नीलामी हुई है, इनमें से करीब 5.5 लाख मीट्रिक टन धान का पैसा मार्कफेड के पास आ चुका है और इसका उठाव भी जारी है।

### बेस रेट कम करने की मांग

समर्थन मूल्य से कम दर होने के बावजूद धान के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। विक्रय दरें और कम करने की मांग भी उठ रही है। राज्य शासन द्वारा ग्रेड-1 धान (मोटा) नए बोरे में 2100 रुपए व पुराने बोरे में 2050 रुपए प्रति क्विंटल तथा कॉमन धान (मोटा) नए बोरे में 1950 व पुराने बोरे में 1900 रुपए प्रति क्विंटल विक्रय दरें निर्धारित हैं।

## खबर संक्षेप

### कार्रवाई की मांग को लेकर नायब तहसील तुमगांव को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने गलत नाम चढ़ाने पर पटवारी को सस्पेंड करने की मांग को लेकर राजस्व मंत्री और कलेक्टर के नाम नायब तहसील तुमगांव टेकेंद्र नुरूटी को ज्ञापन सौंपा है। तुषार ने ज्ञापन में कहा कि अछोली खसरा नंबर 905/2 में गलत नाम चढ़ाने से लोग बार-बार तहसील ऑफिस का चक्कर काटने में मजबूर हैं, जिससे उन्हें कानूनी या वित्तीय नुकसान, अर्थिक क्षति होती है। उन्होंने कहा कि पटवारी का काम भूमि रिकॉर्ड और अन्य सरकारी दस्तावेजों को ठीक से रखना है। यह एक गंभीर गलती है और पटवारी को सस्पेंड किया जाना चाहिए। गलत नाम चढ़ाना, भूमि रिकॉर्ड में एक महत्वपूर्ण त्रुटि है, जो कानूनी विवादों और अन्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसलिए संबंधित विभाग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और पटवारी को निलंबित करना चाहिए। साथ ही पर्यवेक्षक को नोटिस देना चाहिए। इसके अलावा पटवारी के खिलाफ विभागीय जांच भी की जाना चाहिए और दोषी पाए जाने पर उसे और भी सख्त सजा दिया जाए।

### कबीर जयंती पर सत्संग 11 को

**महासमुंद।** कबीर जयंती पर स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में 11 जून को एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में कबीर मंदिर ढेठा धमतरी के संत बलवान साहेब होंगे। वे अपने संत मंडली के साथ कबीर साहेब के 627 वीं जयंती पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सत्संग में भाग लेने की अपील करते हुए बताया कि सत्संग, भजन सुबह 10 से ढाई बजे तक होगा। पश्चात ढाई बजे महाप्रसाद की व्यवस्था है।

### आज मनाया जाएगा दाई-बबा दिवस

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत में 04 जून को दाई-बबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष दिवस आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों के अंतर्गत मनाया जाएगा। इस वर्ष दाई-बबा दिवस की थीम हमारे बुजुर्ग - हमारी धरोहर रखी गई है, जिसका उद्देश्य समुदाय स्तर पर बुजुर्गों के सम्मान को बढ़ावा देना एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।
जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने घर के बुजुर्गों को इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में अवश्य लेकर आएं। प्रत्येक विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मेले का आयोजन किया जाएगा।

### रामलीला के प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया गया

# फिजी में रामलीला महोत्सव, मुंबई-भाटापारा के कलाकारों ने मंचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



साहित्यिक सांस्कृतिक शोक संस्था मुंबई भारत और श्री सनातन धर्म ब्राह्मण सभा फिजी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन 26 मई से 6 जून तक फिजी के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सनातन धर्म स्थलों पर हो रहा है। इसमें भारत के मुंबई और छत्तीसगढ़ के भाटापारा से पहुंचे रामलीला कलाकार भाग ले रहे हैं। फिजी के वुलिलेखा, लंबासा स्थित सनातन धर्म रामलीला मंदिर में रामलीला के प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया गया। जनकपुरी में राम-सीता विवाह, अयोध्या प्रस्थान, राम के राज्याभिषेक की तैयारी, कैकयी द्वारा वर मांगना, राम को 14 वर्ष का वनवास, सुमंत्र द्वारा राम-लक्ष्मण-सीता को वन भेजना, केवट प्रसंग जैसे दृश्य मंचित किए गए। केवट द्वारा राम-सीता से कुछ भी न लेने और भवसागर पार कराने की बात दर्शकों को खूब भा रही है। सुमंत्र के माध्यम से राजा दशरथ को राम के न लौटने का संदेश, लक्ष्मण द्वारा कैकयी को ललकारना, राम का सीता के प्रति विरह, सीता का लक्ष्मण रेखा पार करना, रावण द्वारा सीता हरण, राम-लक्ष्मण द्वारा सीता की खोज, जटायु का रावण से युद्ध कर घायल होना जैसे प्रसंगों का सुंदर मंचन किया गया।

दो और तीन जून को रामलीला का मंचन फिजी की राजधानी सुवा स्थित श्रीधर महाराज कॉलेज नवसारी में हुआ। कार्यक्रम में फिजी के उप प्रधानमंत्री विमान प्रसाद मुख्य अतिथि रहे। सांसद वीरेन लाल सहित अन्य सांसद भी उपस्थित रहे। भारतीय उच्चायोग की प्रतिनिधि निरुपमा राय ने भी रामलीला का आनंद लिया।

भारत के मुंबई और छत्तीसगढ़ से आए 17 सदस्यीय कलाकार दल में डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. ललित सिंह ठाकुर, डॉ. जगदीश साहू, केशव साहू, हरिचरण दास वैष्णव, डॉ. वीणा साहू, डॉ. आभा पाठक, राजकुमार चौधरी, पत्रकार सत्यनारायण पटेल, भगवती प्रसाद उपाध्याय, बिना कुमारी, चंद्र प्रभा ध्रुव, खुमान वर्मा, लक्ष्मी प्रसाद साहू, नारायण निषाद, सतीश कनौजिया, अफशाना खान शामिल हैं। इनके साथ फिजी के स्थानीय कलाकार भी मंचन में भाग ले रहे हैं।

रामलीला का अंतिम चरण 5 और 6 जून को तारुवा और नादी जिले के सनातन प्राइमरी स्कूल टोंको में होगा। यहां राम-रावण संवाद, रावण वध और समापन के साथ कलाकारों का सम्मान किया जाएगा।

# मवेशियों से भरा वाहन पकड़ाया पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मवेशियों को पिकअप वाहन के माध्यम से कत्लखाना ले जाने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने ग्राम खैंदा नाला पुल के पास घेराबंदी कर पिकअप वाहन सहित आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों से बोलेरो पिकअप वाहन सहित 09 नग मवेशी बरामद किए गए।

प्रार्थी मनीष चंद्राकर एवं अन्य के माध्यम से सूचना मिली कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आसपास के क्षेत्र से मवेशियों को इकट्ठा किया गया है एवं उसे कत्लखाना ले जाने के लिए बोलेरो पिकअप वाहन में ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा ग्राम खैंदा नाला पुल के पास घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को रोका गया। इस दौरान वाहन में कुल 5 व्यक्ति बैठे मिले। साथ ही बोलेरो पिकअप वाहन को चेक करने पर वाहन के पीछे 9 नग मवेशियों को निर्दययापूर्वक भरकर ले जाना पाया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में धारा छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी 31 वर्षीय जितेंद्र वर्मा निवासी ग्राम मगरचबा, 40 वर्षीय सुरेश कुमार पैकरा, 19 वर्षीय आशीष कुमार पांडे, 22 वर्षीय प्रताप पैकरा और 19 वर्षीय प्रकाश पैकरा सभी निवासी ग्राम मगरचबा को सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों द्वारा उक्त 9 नग मवेशियों को महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन में भरकर कत्लखाना ले जाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में सभी आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

### चारभांठा में सेवानिवृत्ति पर हुआ सम्मान समारोह

**सरायपाली (ग्रामीण)।** महासमुंद जिले के सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 31 मई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारभांठा में सामान्य शौकीलाल भोई के अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भोई के लगभग 43 वर्ष की गौरवमई एवं उत्कृष्ट शासकीय सेवा प्रदान करने पर उपस्थित सभी लोगों ने हर्ष जताया। आहरण एवं संवितरण अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैकिन द्वारा त्वरित पेंशन प्रकरणों का निराकरण कर पेंशन अदायगी आदेश प्रदान किया गया।

# कोनारी में हितग्राहियों को मिला तीन माह का एकमुश्त चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत राज्य सरकार बरसात के मौसम में राशन कार्डधारी हितग्राहियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बरसात पूर्व जून जुलाई एवं अगस्त सहित तीन माह का चावल एक मुश्त दिया जा रहा है। इस कड़ी में ग्राम पंचायत कोनारी में मां शीतला महिला समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान में 3 जून से राशन कार्डधारी हितग्राहियों को तीन माह का एक मुश्त चावल वितरण प्रारंभ किया गया। राशन कार्डधारी हितग्राही देवमति नवरंगे सतवंतिन बाई बिंदा बाई, उमा बाई, मुन्नी बाई, अंघन बाई ने कहा कि सरकार द्वारा 3 माह का चावल एक मुश्त दिया जा रहा है। ठीक उसी तरह नमक और शक्कर को भी 3 माह का एक मुश्त दिया जाना चाहिए। वहीं राशन कार्ड में मिल रहे चावल के भरोसे जीवन यापन कर रहे हैं। कई राशन कार्डधारी गरीब महिलाओं के चेहरों पर खुशी की लकीर स्पष्ट रूप से दिखाई दी। चावल वितरण के दौरान जनपद सदस्य अश्वनी रजक, सरपंच अनुराधा पाठक, पंच लोकनाथ साहू, गिरीश ध्रुव, घना साहू, कौशल पटेल सहित कई राशन कार्डधारी हितग्राही उपस्थित थे।

# भीम आर्मी ने युक्तियुक्तकरण का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



- सेटअप में बदलाव को रोकने और नशाखोरी के विरोध में 15 किमी पैदल मार्च कर निकाली रैली

युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों के सेटअप में बदलाव को रोकने और राज्य को नशा मुक्ति राज्य बनाने हेतू ग्राम पंचायत गोंडम से ग्राम पंचायत बंधापाली चौक तक करीबन 12 से 15 किमी तक पैदल मार्च रैली के माध्यम से ज़िला उपाध्यक्ष अमित जायसवाल के नेतृत्व में रैली निकालकर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम पर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। युक्तियुक्तकरण बंद करो, शिक्षा बचाओ, नशा हटाओ के नारे लगाते हुए पैदल मार्च रैली में भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष अतिरिक्त बस्तर संभाग प्रभारी संतोष निराला, जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे, कार्यवाहक ज़िला अध्यक्ष सुशील अनंत, ज़िला महासचिव अजय खूंटे, ज़िला महासचिव मनोज जांगड़े, ज़िला कोषाध्यक्ष अमित कुर्रे, ज़िला सचिव सुमन निराला, ज़िला प्रवक्ता गुरुचरण कोसले, ज़िला आईटी सेल प्रभारी राजेश भास्कर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मांगों में - शिक्षा नीति का सेटअप 2008 को पुनः लागू किया जाए, पूरे देश और सभी राज्यों में सामान शिक्षा नीति लागू किया जाए, जिसमें एक पंच से लेकर प्रधान मंत्री, चपरासी से लेकर कर्मचारियों, अधिकारियों, न्यायाधीश, राज्यपाल, राष्ट्रपति, सभी शासन ,प्रशासन का बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़े। सरकार द्वारा वादा किए गए 57000 हज़ार शिक्षक भर्ती को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। सरकार द्वारा किए गए वादा के अनुसार पूर्व सरकार द्वारा गलत तरीका से बंद किए गए स्कूल को जल्द से जल्द खोला जाए, नशाखोरी जैसे हानिकारक पदार्थों के वजह से, अधिकतर युवा वर्ग का भविष्य ख़राब होता जा रहा हैं और प्रदेश में क्राइम भी बढ़ता जा रहा हैं इसलिए नशीला पदार्थ की बिक्री पूर्णता बंद किया जाना चाहिए। भीम आर्मी का कहना हैं कि यदि उनकी मांगों को जल्द से जल्द सरकार पूरा नहीं करती हैं तो इस मुद्दे को लेकर भीम आर्मी प्रदेश भर के तमाम ज़िला और प्रदेश स्तर पर एकजुट होकर सीएम हाउस का घेराव करेंगें जिसकी पूरी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पूर्व विधायक शकुंतला साहू की मां को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे जनप्रतिनिधि



**पलारी।** पूर्व विधायक शकुंतला साहू की मां लीला देवी साहू की मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित करने अलग अलग दिन में कांग्रेस के बड़े नेता ग्राम रसौटा पहुंच रहे है। इसमें कसडोल विधायक संदीप साहू, भाटापारा विधायक इन्द्र साव, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, मानपुर विधायक इन्द्र शाह मंडावी, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित कई पूर्व विधायक तथा प्रदेश नेता पहुंचे और परीवारजनो को ढांढस बंधाया। वही मंगलवार को पीसीसी चीफ दीपक बैज ग्राम रसौटा पहुंचकर स्व. लीलादेवी साहू की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगडे, जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व विधायक चन्द्रदेव राय, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## महिला उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता पर चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में आरसेटी परिसर में हुआ। यह कार्यक्रम प्रशिक्षण का दूसरा बैच था, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों बसना, सरायपाली, बागबाहरा, पिथौरा और महासमुंद से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पूर्व आयोजित पहले बैच सहित कुल 60 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण में वित्तीय साक्षरता समुदाय संसाधन व्यक्ति, बैंक सखी तथा प्रशिक्षण संसाधन व्यक्ति जैसी भूमिकाओं को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग संस्था साधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्था के मास्टर ट्रेनर्स के साथ-साथ कोरबा के जिला प्रमुख नीरज ठाकुर और महासमुंद के जिला प्रमुख दिलीप साहू ने प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रक्रियाएं, महिला उद्यमी ऋण विकल्प, और विभिन्न वित्तीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान महिला उद्यमिता को केंद्र में रखते हुए प्रतिभागियों को यह सिखाया गया कि वे किस प्रकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जुड़ सकती हैं।

## नाबालिक बच्चों का न्यूड वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार



नाबालिक बच्चों का न्यूड वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी ट्रक ड्राइवर ने सोशल मीडिया के माध्यम से नाबालिक बच्चों का न्यूड वीडियो वायरल किया। आरोपी से एक मोबाइल भी जब्त किया गया है।

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत जांच पर पाया कि 12 जनवरी 2022 को आरोपी 27 वर्षीय मोहम्मद दानिश निवासी ग्राम दुबाही पोस्ट मऊआईमा जिला प्रयागराज यूपी वर्तमान निवासी ग्राम रवान द्वारा नाबालिक बच्चों का न्यूड वीडियो वायरल किया गया था, जिस पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 67(A),67(B) आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी मोहम्मद दानिश को हिरासत में लिया गया।

आरोपी से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा बताया गया- कि वह 2016 से ग्राम रावन में किराए के मकान में रहकर पाल ट्रांसपोर्ट कंपनी अंबुजा सीमेंट प्लांट रावन में ट्रक चलाने का काम कर रहा है। कोरोना काल के बाद उसने एयरटेल कंपनी का नया सिम खरीदा, जिससे उसके द्वारा मोबाइल में लगाकर उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से व्हाट्सएप एवं दूसरे मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आईडी चलाता है। मोबाइल चलाने के दौरान आरोपी द्वारा अपने आईडी से सोशल मीडिया में नाबालिक बच्चों का न्यूड वीडियो अपलोड कर दिया गया। कि आरोपी से एक वीवो कंपनी का मोबाइल जिसमें दो सिम लगा है, जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी को मंगलवार 3 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।

## पेज 9 के शेष

### नगर की गलियां और...

आम जनता की नजरों में वाही वाही लूटने की सोच रखते हुए दीवारों पर लेखन करते हुए दीवारों को एक नई नवेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि क्या सिर्फ स्वच्छता सर्वेक्षण को दीवार लेखन के भरोसे ही सफल बनाया जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय लवन नगर पंचायत में देखने को मिल रही है।

ज्ञात हो कि बीते कुछ महीनों पहले प्रदेश स्तर पर हुई स्वच्छता सर्वेक्षण का आंकलन में भले ही नगर पंचायत द्वारा संतोष जनक अंक पाने के कारण अधिकरियों द्वारा अपनी सफलता पर खुशी मनाते हुये मिठाईया खाने में कोई कसर नहीं छोडीं होगी, लेकिन यदि जमीनी स्तर पर नगर के मुहल्लों से लेकर मुख्य गलियों की नालियों की सच्चाई देखी जाए तो निश्चित तौर से स्वच्छता सर्वेक्षण की पोल खोलने के साथ इस बात को उजागर करते देखा जा रहा है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कागजों के आधार पर जिस तरह शासकीय धन की की होली खेली साफ देखी जा सकती है। नगर पंचायत लवन की सच्चाई पर गौर किया जाए तो लाखों की लागत से कचरा एकत्रित करने के लिये खरीदी वाहन जहां कार्यालय परिसर की शोभा बढ़ाने का काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर नगरवासियों से टैक्स वसूलने के बाद भी उनके घरों तक कचरा एकत्र करने वाले वाहन नहीं पहुंचे, जिसके कारण लोगों को खुले मैदान में अपना कचरा डालने मजबूर होते देखा सकता है। वहीं दूसरी ओर वार्डों में बनी गंदगियों से भरी बजाती नालियां और ऊपर से बदबू आने जाने वाले नाक बंद कर चलते हैं और नालियों के पास गुजरी पानी पाइप ऊपर से पानी टंकी के पास की गंदगी के चलते लोगों को शुद्ध पीने का पानी मिलने की कल्पना करना भी बेमानी साबित होने से नहीं चूक रहा है।

### उपभोक्ता आयोग ने ...

की सुनवाई पश्चात इस मामले में बैंक एवं बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड़ को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि 1,57,182 रुपये तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्राम नेवरा को मानसिक एवं आर्थिक क्षति के रूप में 10 हजार एवं वाद व्यय के रूप में 5000 रूपये तथा उस पर दावा प्रस्तुति दिनांक से अदायगी दिनांक तक छः प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### साड़ी पहन बाइक...

खिलाफ धारा 309 (4), 309(6), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। उल्लेखनीय हो कि बीते सप्ताह ग्राम औरैठी जा रहे संकुल समन्वयक प्रवीण पांडे को तिल्दा रोड में दो बाइक सवार लोगों ने चाकू की नोंक पर नकदी व मोबाइल का पासवर्ड मांग कर मोबाईल लूट कर फरार हो गये। लगातार हो रही लूट की घटनाओं से राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों में दशहत है। पुलिस की पेट्रोलिंग वाहन को सभी मार्गों में घुमाने लोगों ने मांग की है।

### बीमार महिला के...

कराए जाने के दौरान पार्षद रेखा पोषण पटेल, कन्हैया सेन, योगेश अग्रवाल, गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### दामिनी एप्प से ...

क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दोनों एप्प को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर दीपक सोनी ने दामिनी एप्प एवं मेघदूत एप्प के उपयोग के संबंध में जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में निवासरत पटवारी, शासकीय शिक्षक एवं पंचायत सचिव के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार- प्रसार कराने के साथ ही कोटवार द्वारा मुनादी करवाने तथा एप्प डाउनलोड करवाने के निर्देश दिए हैं।

### प्रबंधक व प्राधिकृत...

सहायक के पद पर नियुक्त करवा दिया। शिकायतकर्ता सुखीराम कर्ष द्वारा 9 दिसंबर 2024 को उप-पंजीयक सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार को इस बाबत विस्तृत शिकायत सौंपी गई थी। जांच अधिकारी एस.के. लहरी और ए.के. सूर्यवंशी द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि प्रशांत साहू को पहले दैनिक वेतनभोगी के रूप में नियुक्त किया गया और फिर मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर नियमित कर पूर्णकालिक लिपिकीय सहायक बना दिया गया। यह नियुक्ति सहकारी नियमों और सेवा नियम 2018 के नियम क्रमांक 05, 06, 07, 08, 03, 10 एवं पदोन्नति के नियम 7 का स्पष्ट उल्लंघन है।

**प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल:** शिकायतकर्ता ने 30 मई को कोटियाडीह में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में पुनः आवेदन देकर दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सत्यापन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती, तो यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला कदम होगा।

### भक्त माता कर्मा ...

योग्यता को प्रदर्शित करना है, ताकि समाज के सुधार में एक नई क्रांति आ सके। सरपंच कमलेश यदु की मांग पर साव ने मंदिर चौक में हाई मास्क लाइट और गांव के लिए अलग से ट्रांसफार्मर लगाने की घोषणा की। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि संत माता कर्मा केवल साहू समाज के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए एक आदर्श है। उनकी भक्ति, सेवा समर्पण की भावना को हमें अपने जीवन में उतरना चाहिए। समाज में एकता, सद्भावना और समर्पण की भावना बनाए रखने के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच कमलेश यदु, सत्यजीत शेंडे, समय लाल साहू, केवल साहू, नारायण बंजारे, प्रभू यदु, रतिराज साहू, मनोज टोंडे, त्रिलोचन देवांगन, ओंकार साहू आदि ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिले में दाई...

जाएगा। इसके साथ ही आयोजन में विभिन्न प्रकार की जांच जैसे शुगर, बीपी, हड्डी की समस्या, नेत्र से संबंधित बीमारियों की जांच, मानसिक रोग, वृद्धावस्था में पोषण तथा आयुष चिकित्सा संबंधित उपचार, गैर संचारी रोग संबंधित व्यक्तियों का उपचार एवं फॉलोअप भी किया जाएगा।

# शराब बेचने वालों पर लगेगा 31 हजार का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

- शराब पर अंकुश लगाने बंगोली पंचायत के सदस्यों ने बैठक में लिया निर्णय

ग्राम पंचायत बंगोली के सरपंच उत्तम वर्मा ने पद भार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त पंचायत प्रतिनिधियों ने गांव में पनप रही अराजकता नशा मुक्ति पर ठोस निर्णय लिया। गांव में शराब बेचने पर 31 हजार, बताने वाले को 11000 हजार की राशि से सम्मानित किया जायेगा। खुले में शराब, गांजा पीने वाले पर 5 हजार की राशि से दंडित किया जायेगा तथा बताने वाले को 1000 दिया जायेगा। इसके साथ ही जुआ खेलने पर 5 हजार रुपये की दंड तथा 1000 सूचनादाता को दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि आए दिन गांव के निस्तारी तालाब के पचरी में बैठकर जाम छलकाते थे तथा शिशी फोड़कर पचरी में फेंकत देते थे। वहीं नाबालिग बच्चे जो शराब, गांजा व बिड़ी पीने देर रात तक तालाब में टहलते हैं। कुछ आदतन जुआरी जो असामाजिक किस्म के लोग टाइम पास के नाम पर राशि लगाकर ताश पत्ति खेलते थे। नशा मुक्ति पर अंकुश लगने से नव निर्वाचित सरपंच उत्तम वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधियों की गांव में भूरि भूरि प्रशंसा की।



# गांव की पहचान बनाने वाला छीन अब विलुप्ति की कगार पर

## पारंपरिक लोगों का व्यवसाय हुआ ठप, छछानपहरी की पहचान छीन के पौधों के नाम से होती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

तिल्दा ब्लाक के छछानपहरी में पाया जाने वाला पारंपरिक 'छीन का पौधा' अब धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर है। गांव की हरियाली, पहचान और संस्कृति से गहराई से जुड़ा यह पौधा एक समय में आम लोगों के जीवन का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब बढ़ती आबादी, खेतों का विस्तार और अनियंत्रित कटाई के कारण यह पौधा तेजी से गायब होता जा रहा है। स्थानीय लोगों की भाषा में इसे 'छीन' कहा जाता है। इसके मीठे फल बच्चों के लिए खास आकर्षण होते थे, जिन्हें वे पेड़ से तोड़कर बड़े चाव से खाते थे। आज भी गांव के कुछ कोनों में यह पौधा दिखाई दे जाता है, लेकिन इनकी संख्या पहले की तुलना में बहुत कम हो चुकी है। यह पौधा केवल स्वादिष्ट फल ही नहीं देता था, बल्कि इसकी टहनियों से झाड़ू बनाकर लोग बाजार में बेचते थे। यह एक छोटा लेकिन उपयोगी घरेलू उद्योग था, जिससे ग्रामीणों को रोजगार भी मिलता था। आज भी कुछ लोग इस परंपरा को निभा रहे हैं और इस पौधे से झाड़ू बनाकर बाजार भेजते हैं, जिससे उन्हें आय होती है। लेकिन जैसे-जैसे इस पौधे की संख्या घट रही है, वैसे-वैसे यह छोटा उद्योग भी खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। नई पीढ़ी इस पौधे की उपयोगिता और सांस्कृतिक महत्त्व से अनजान होती जा रही है। अगर समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो यह पौधा और उससे जुड़ी परंपराएं पूरी तरह विलुप्त हो सकती हैं।





### कमजोर तबके के आजीविका का है साधन

सरकार और स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वे 'छीन के पौधे' के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाएं। ग्रामीणों को इसके आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी दें और झाड़ू निर्माण जैसे छोटे उद्योगों को पुनर्जीवित करने हेतु सहायता करें। छीन का यह पौधा छछानपहरी गांव का एक जीवित धरोहर है। इसे बचाने के लिए जागरूकता और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है, ताकि अगली पीढ़ी भी इस प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सके।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ने फिट इंडिया साइकिल रैली निकाली

**गोपालपुर।** भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए फिट इंडिया साइकिल रैली के अंतर्गत रविवार को डी. ए वी मुख्यमंत्री स्कूल खम्हरिया में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच अंतराम साहू द्वारा किया गया। रैली के प्रतिभागियों ने स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज का संदेश देते हुए स्थानीय नागरिकों को फिटनेस के महत्त्व से अवगत कराया। रैली की अगुवाई प्राचार्य संदीप कुमार पटेल ने की, जिन्होंने फिट इंडिया अभियान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफल जीवन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में अनुशासन, जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति रुचि बढाते हैं। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खम्हरिया के सरपंच अंतराम साहू, डी.ए.वी. विद्यालय शिक्षक, मनोज कुमार रात्रे, वृंदा भास्कर, विश्वनाथ चंद्रा, राजेश कुमार साहू, आशीष खूंटे, दक्ष साहू एवं घनश्याम साहू और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन पर सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** युवक से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी जफर सूर्या निवासी वार्ड नंबर 05 नयापारा ने बताया कि वह ड्रायवरी का काम करता हूं। 1 जून की रात 10 बजे एफसीआई गोदाम में ट्रक छोड़कर वापसलौट रहा था। नयापारा नर्सरी के पास पहुंचने पर तो करीबन 10:30 बजे आरोपी किशन और उसके भाई कन्हैया यादव पुराने रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। मना करने पर किशन ने रॉड से सिर व हाथ पर वार किया। आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) कर विवेचना में लिया गया है।

### मछली को लेकर दो के बीच मारपीट

**महासमुंद।** मछली की बात को लेकर दो लोगों के बीच मारपीट की घटना में बागबाहरा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी तपन मंडल निवासी वार्ड नं 5 माना कैंप बिजली ऑफिस के पीछे थाना माना जिला रायपुर ने बताया कि वह वर्तमान में करण सिंह ठाकुर जो चंडी बांध में मछली का ठेका लिया है के यहां लगभग 5 वर्ष से देखरेख काम काम करता हूं। 2 जून को लगभग 2.30 बजे वह खाना बना रहा था, उसी समय आरोपी सोहेब खान आया और कहने लगा कि तुम मछली को कहां किये हो तब उसने करण सिंह ठाकुर के कहने पर बेचने की बात कही। उसके बाद सोहेब खान ने प्रार्थी से गाली गलौज करते हुए अपनी स्कूटी की डिक्की से किसी धारदार चीज को निकाल कर दोनों हाथ में मार दिया। वहीं दूसरी ओर प्रार्थी सोहेब खान निवासी राजा तालाब रायपुर रानी चौक थाना सिविल लाईन जिला रायपुर ने बताया कि वह मछली पालन का काम करता है और वर्तमान में उसने ग्राम घुंचापाली बांध में मछली पालन का ठेका लिया है। उसे लोगो के माध्यम से पता चला था कि मछली पालन ठेका लिए हुए बांध में चोरी होता है, जिसे देखने वह 2 जून को 2.30 बजे ग्राम घुंचापाली चंडी बांध गया था। वहां आरोपी तपन मंडल जो करण ठाकुर का नौकर है अपने साथियो के साथ शराब पीते खाना पीना कर रहा रहा था। जब वह गया तो तपन मंडल उसे देखकर गाली गलौज कर भगाने लगा और पत्थर से फेंक कर मारा।

## बैठक : समितियों में खाद बीज़ का पर्याप्त भण्डारण के निर्देश

# जिले में मौसमी बीमारियों से निपटने अस्पतालों में हो रहेगा पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क्रो संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में आम तौर पर होने वाले मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में पर्याप्त दवाई सहित अन्य आवश्यक इंतजाम दुरुस्त रखने तथा अलर्ट रहने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों क्रो दिये।

कलेक्टर ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी सभी जरुरी व्यवस्थाएं हो तथा मैदानी अमलों क्रो सक्रिय करें। मितानिनों की दवा पेटी में निर्धारित दवाइयां उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कॉम्बैट टीम क्रो भी अलर्ट रखें, ताकि जरुरत के मुताबिक तत्काल स्थल पर आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों क्रो सभी पानी टांकियों की सफाई एवं वाटर टेस्टिंग कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट रुप से निर्देश दिये कि पेयजल के कारण कहीं बीमारी फैलती है तो पीएचई के अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

उन्होंने बरसात में नदी-नालों में बाढ़ से निपटने के लिए बाढ़ आपदा नियंत्रण टीम क्रो भी अलर्ट रहने कहा है। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों क्रो बाढ़ की सूचना तत्काल देने के निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने क्रृषि विभाग के अधिकारियों क्रो खरीफ सीजन हेतु सभी समितियों में खाद व बीज़ का पर्याप्त भण्डारण सुनिश्चित कराने निर्देशित किये, ताकि किसानों क्रो उर्वरक व बीज़ लेने में कोई दिक्कत न हो।

### कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा




### समितियों में पर्याप्त हो बीज का भंडारण

कलेक्टर ने कहा कि जिन समितियों में मांग ज्यादा है वहां प्राथमिकता से भण्डारण कराएं। कलेक्टर ने जिले में आकाशीय बिजली गिरने की अधिक घटनाओं क्रो दृष्टिगत रखते हुए ग्रामीणों क्रो दामिनी एप्प डाउनलोड कराने तथा बचाव के उपाय की जानकारी देने कहा। इसके साथ ही पीएम आवासों में तड़ित चालक या अर्थिंग प्लेट लगाने लोगों क्रो प्रोत्साहित करने कहा।

### स्कूल खुलने से पहले हो जाति प्रमाण पत्रों का निराकरण

उन्होंने आगामी 16 जून से प्रारम्भ हो रहे स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने तथा लंबित जाति प्रमाण पत्र के आवेदनों का निराकरण करने कहा। उन्होंने आरबीसी 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा के मई माह में प्राप्त सभी प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आगामी 15 से 30 जून तक जिले के 46 जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले धरती आबा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि चयनित ग्राम पंचायतों में सभी योजनाओं का संतृप्तिकरण करना है। पहले योजनाओं से छूटे हुए व्यक्तियों का चिन्हांकन करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# बगैर अनुमति संचालित हो रहे ईंट भट्ठे, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

अर्जुनी-टोनाटार मार्ग पर वर्षों से अवैध ईंट भट्ठा का कारोबार चल रहा है। अन्य राज्यों से यहां आकर पिछले कई वर्षों से किराए पर जमीन लेकर कुम्हार जाति को मिली छूट का फायदा अवैध तरीके से उठा रहे हैं।

छूट से अधिक मात्रा में लाल ईंट का अवैध निर्माण कर ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा हर साल मोटी कमाई करने में जुटे हैं। रोड से लगे खेतों में खुलेआम संचालित हो रहे अवैध ईंट भट्ठा की जानकारी संबंधित विभाग को होने के बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं करना ग्रामीणों के समझ से बाहर है।

अन्य राज्यों से आकर अवैध रूप से ईंट भट्ठा का संचालन करने वाले लोगों द्वारा अभी तक ग्राम पंचायत से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है और नहीं अपना दस्तावेज जमा किए हैं। इस तरह मनमानी पूर्वक ईंट भट्ठा का अवैध रूप से संचालन कर रहे हैं। वहीं शासन प्रशासन द्वारा खनिज विभाग को अवैध रूप से संचालित होने वाले ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करने के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिसके चलते अवैध ईट भट्ठा संचालकों की मनमानी चरम सीमा पर हैं। वहीं ईंट भट्ठा के राख की उड़ती धूल से टोनाटार, नवागांव, पुरेना, गोढ़ी सहित कई गांवों से अर्जुनी आने जाने वाले राहगीर काफी परेशान है।

### सूचना तहसील में दी है

अवैध ईंट भट्ठा संचालकों की जानकारी तहसील में दे दी गई है।

-भुनेश्वर साहू,
हल्का पटवारी

### नोटिस दी जाएगी

एक भी ईंट भट्ठा संचालक ने पंचायत से अनुमति नहीं ली है। पंचायत के मीटिंग में चर्चा कर नोटिस दिया जाएगा।

-राजेश साहू,
सचिव अर्जुनी पंचायत

# स्व-सहायता समूह को मिला दो लाख का ऋण




**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के स्वावलंबी जीवन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा 2.0 लाख का चेक वार्ड क्रमांक 20 के दिल पसंद महिला स्व सहायता समूह को प्रदाय किया गया।

महिला समूह एस.एच.जी. को प्रदाय राशि से आपसी लेनदेन करने एवं प्राप्त राशि से अपने स्वयं का रोजगार संचालित करने व आपस में ऋण का अदान-प्रदान करना है। योजना अंतर्गत प्राप्त राशि से समूह की महिलाओं के द्वारा ब्यूटी पार्लर, सिलाई कार्य, मुर्गी पालन, जैसे कार्यों में उपयोग करती है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने समूह की महिलाओं से राशि के उपयोग एवं प्राप्त ब्याज दर की जानकारी सहित आपसी लेनदेन की प्रक्रिया की जानकारी ली गई, महिला स्वयं सहायता समूह के प्रकरण को बैंक तक पहुंचाने एवं ऋण दिलाने में दीपिका बंजारे का योगदान रहा है, इस समुह को चेक वितरण के अवसर पर पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, व शशिभूषण शुक्ला महिला स्व- सहायता समूह की रुखसाना बेगम, शशि यादव, हसीना बेगम, अमीर दीवान, राधिका पटेल, प्रीति यादव, संतोषी पैकरा, प्रमिला यादव तीज बाई, कशीमा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## शाश्वत स्कूल के बच्चों ने सीखी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक

**बलौदाबाजार।** शाश्वत स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की नई तकनीक के बारे में सीखा। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। विदित हो कि शाश्वत स्कूल बलौदाबाजार जिले का एकमात्र ऐसा स्कूल है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की विशेष सहायता की जाती है। ताकि कोई भी बच्चे पढ़ाई से वंचित न हो। बोर्ड परीक्षा के परिणाम में बलौदाबाजार जिले में शाश्वत स्कूल का दबदबा रहा है। कक्षा 12 वी से लुभी साहू छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान हासिल कर स्कूल एवँ जिले का नाम रौशन किया। यहां से 10-15 विद्यार्थी ऐसे है जिन्होने गणित भौतिक रसायन बायो विज्ञान एवं सा. विज्ञान जैसे विषयों में पुरे में पुरा अंक प्राप्त कर नया रिकार्ड बनाया। शाश्वत स्कूल शुरूवात से ही विद्यार्थियों के प्रति समर्पित रहा है। कोई भी विद्यार्थी पढाई से वंचित न हो इसके लिए नर्सरी से 12वी तक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के प्रत्येक विद्यार्थियों को शाश्वत स्कूल की तरफ से आस पास के गांव जैसे रिसदा, लटुवा, कुकुर्दी एवं बम्हनमुड़ी में निःशुल्क बस की सुविधा दी जाती है, ताकि सभी विद्यार्थी समान शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सके। इस संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान कर आगे बढ़ाने की है। लोकल बलौदाबाजार के सभी जगहों से बच्चों को निःशुल्क बस की सुविधा दी जाती है। बलौदाबाजार से 8 से 10 किलोमीटर तक की दूरी के लिये गांव से आने वाले विद्यार्थियों से स्कूल बस की कोई भी शुल्क नहीं ली जाती अर्थात विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा बिल्कुल निःशुल्क है।

# हितग्राहियों को बांटे गए पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका परिषद भाटापारा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास प्रमाण पत्रों का वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों में गहरी प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय उनके चेहरे पर दिखाई देने वाली आत्मविश्वास भरी मुस्कान इस योजना की सफलता का जीवंत प्रमाण थी। यह केवल एक घर नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, सामाजिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा इस योजना को पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी पात्र परिवार वंचित न रह जाए।

शिवरतन शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री आवास योजना आज देश के हर उस नागरिक के जीवन में उजाला ला रही है, जो वर्षों से अपने सिर पर एक पक्की छत का सपना देख रहा था। यह योजना केवल ईंट और सीमेंट का घर नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा हमारा उद्देश्य है कि भाटापारा के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक इस योजना का लाभ नियमानुसार और समयबद्ध रूप से पहुंचे। नगर पालिका की पूरी टीम इसके लिए संकल्पबद्ध है।

## दिवाल लेखन के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

# मोर गांव-मोर पानी महाअभियान प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली



जनपद पंचायत तिल्दा में 3 जून को 'मोर गांव मोर पानी' महाअभियान के अंतर्गत कलस्टर स्तर पर प्रशिक्षण कार्य की शुरुआत हुई। यह अभियान का महत्वपूर्ण भाग है।

छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण तथा आजीविका के लिए जनप्रतिनिधि, समुदाय एवं विभाग का संगम है। अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर उसे जन आंदोलन का रुप दिया जाएगा। इस जल संरक्षण महा अभियान प्रशिक्षण में पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, महिला समूह आदि संगठनों द्वारा मोर गांव मोर पानी महाअभियान को सफल बना रहे हैं।

अभियान के तहत चेकडेम निर्माण, फॉर्म पॉन्ड खेत, तालाब, कंटूर, ट्रेंचिंग, रुफ वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण, आजीविका वृक्ष, सोकपीट, जल संग्रहण, तालाबों का गहरीकरण तथा नाला उपचार जैसे कार्य किये जायेंगे। साथ ही इन सभी कार्यों की गुणवत्ता सर्वोच्च स्तर की होगी।

ग्रामीणों को जल स्तर में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी मिलेगी। गांवों में दिवाल लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इससे न केवल जल की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका और पर्यावरणीय संतुलन भी सशक्त होगा।

इस मोर गांव मोर पानी महाअभियान को गांव में रैली, शपथ ग्रहण और श्रमदान के जरिए जल स्रोतों की सफाई कर जल बचाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। प्रशिक्षण में जनपद सीईओ विवेक गोस्वामी, नीलकमल पटेल, मनरेगा पीओ, आनंदजी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

